**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर**

**जी.ई. रोड रायपुर - 492001 (छत्तीसगढ़)**

**Web site-www.gacraipurcg.in**
**Tel./ Fax No.:- 0771-2263396**

**E-mail principal@gacraipurcg.in**
ayurvediccollege@gmail.com

---

क्रमांक/प्रवेश/2017..........5414 रायपुर दिनांक :- 27 OCT 2017

**आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी.आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस.आयुर्वेद) त्रिवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु तृतीय काउंसिलिंग कार्यक्रम।**

# " तृतीय काउंसिलिंग सूचना "

**काउंसिलिंग स्थल :- शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.)**

**काउंसिलिंग दिनांक :- 30.10.2017 (सोमवार)**

आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी.आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस.आयुर्वेद) पाठ्यक्रम सत्र 2017-18 में ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद नई दिल्ली द्वारा आयोजित AIA-PGET प्रवेश परीक्षा 2017 में सम्मिलित अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों के अनुसार महाविद्यालय द्वारा निर्मित मेरिट सूची के आधार पर उपलब्ध सीटों पर शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) में दो रिक्त विषयों में संचालित त्रिवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मेरिट सूची में स्थान प्राप्त अन्य प्रदेश के अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है। अभ्यर्थी इस सूचना को ही बुलावा पत्र मानते हुए काउंसिलिंग में अवसर लेने हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

## समय - सारणी

| दिनांक | श्रेणी / संवर्ग | रजिस्ट्रेशन का समय | ए.आई.ए.पी.जी.ई.टी. परीक्षा में प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 30.10.17 | अन्य प्रदेश | प्रातः 11.00 से 12.00 | 76.57 से 30.99 तक |

सभी प्रवेशार्थी आवेदन पत्र में संलग्न किये गये समस्त मूल प्रमाण पत्रों / अंकसूचियों एवं उनके एक सेट की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर उपस्थित होंवे। उपस्थित नहीं होने पर आप प्रवेश का अवसर खो देंगे। काउंसिलिंग में उपस्थित होना प्रवेश की गारंटी नहीं है। प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के दिन ही प्रवेश लेना होगा इस हेतु सभी मूल दस्तावेज एवं शुल्क तत्काल जमा करना होगा।

**प्रमाण पत्रों का क्रम :-**

1. AIAPGET 2017 परीक्षा हेतु जारी एडमिट कार्ड।
2. AIAPGET 2017 परीक्षा की अंकसूची।
3. 10 वीं की अंकसूची।
4. 12 वीं अंकसूची।

बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम की समस्त परीक्षाओं की अंकसूचियाँ।

6. आवेदन की अंतिम तिथि तक इन्टर्नशिप पूर्ण करने का प्रमाण–पत्र।
7. बी.ए.एम.एस. उपाधि प्रमाण पत्र।
8. किसी भी राज्य के शासन द्वारा मान्यता प्राप्त आयुर्वेद बोर्ड/ परिषद में जीवित पंजीयन का प्रमाण पत्र।
9. मूल निवासी प्रमाण पत्र (राज्य के अभ्यर्थियों के लिए, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
10. स्थायी जाति प्रमाण पत्र। (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, केवल छत्तीसगढ़ के आरक्षित श्रेणी के आवेदकों के लिये।)
11. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिये वित्तीय वर्ष 2016–17 का आय प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग) (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के अभ्यर्थियों को पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2016–17, 2015–16 एवं 2014–15) का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
12. सेवारत होने की स्थिति में नियोजक संस्था का नाम एवं शासन/ विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
13. यदि सरनेम परिवर्तित है तो परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. अन्य कोई प्रमाण पत्र जिसका उल्लेख आवेदन में किया गया है।
15. काउंसिलिंग में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची के अनुसार उनके नाम के सम्मुख रिमार्क के कालम में यदि किसी कमी का उल्लेख है तो उसकी पूर्ति करना काउंसिलिंग के समय आवश्यक होगा।

**शुल्क :–**

काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रवेशार्थियों के लिये रू. 600/– तथा अन्य प्रवेशार्थियों के लिये रूपयें 1000/– होगा, जो वापसी योग्य नहीं है। काउंसिलिंग पश्चात प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थी को प्रवेश के समय नियमानुसार महाविद्यालय में अन्य शुल्क जमा करना आवश्यक है, अन्यथा अभ्यर्थी का चयन निरस्त कर दिया जावेगा।

अनारक्षित श्रेणी के चयनित उम्मीदवार को रू. 20,000/– (रू. बीस हजार मात्र) की राशि सुरक्षा निधि के रूप में जमा करनी होगी। छत्तीसगढ के मूल निवासी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के ऐसे उम्मीदवार जिनके माता–पिता / अभिभावक की वार्षिक आय रू. 60965/– (रू. साठ हजार नौ सौ पैसठ) से अधिक है तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को रू. 10,000/– (रू. दस हजार) सुरक्षा निधि के रूप में जमा करना होगा। जबकि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के ऐसे उम्मीदवार जिनके माता–पिता / अभिभावक की वार्षिक आय रू. 60965/– या इससे कम है उन्हें यह सुरक्षा निधि जमा नहीं करनी होगी परन्तु ऐसे उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त वर्तमान वार्षिक आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सुरक्षा निधि के रूप में जमा की गयी राशि पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वापस कर दी जावेगी। इसके अतिरिक्त प्रति चयनित विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष 10,000/– शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क 510/– तथा द्वितीय वर्ष में 10,000/– शिक्षण शुल्क तथा तृतीय वर्ष में 10,000/– शिक्षण शुल्क देय होगा।

AIAPGET प्रवेश परीक्षा 2017 में सम्मिलित अभ्यर्थियों जिन्होंने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर में आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किया है उनकी महाविद्यालय द्वारा निर्मित श्रेणी/संवर्गवार मेरिट सूची एवं प्रवेश हेतु आरक्षण रोस्टर तथा सीटों की उपलब्धता का अनंतिम विवरण महाविद्यालय की वेबसाईट www.gacraipurcg.in एवं www.cgaupcb.in पर उपलब्ध है।

प्राचार्य,
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर छ.ग.

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर

## जी.ई. रोड, रायपुर -492001 (छत्तीसगढ़)

Web site-www.gacraipurcg.in
Tel./ Fax No.:- 0771-2263396

E-mail- principal@gacraipurcg.in
ayurvediccollege@gmail.com


---

## सत्र 2017-18 के एम.डी. / एम. एस. (आयुर्वेद) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विषयवार रिक्त सीटों का विवरण

| क्र. | विषय | रिक्त सीटों की संख्या | आरक्षण | | | | नियमित शासकीय आयुर्वेद चिकि. अधिकारी | अन्य प्रदेश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु. जनजाति | अनु. जाति | अ.पि.व | अनारक्षित | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत | – | – | – | – | – | – | – |
| 2 | रचना शारीर | – | – | – | – | – | – | – |
| 3 | क्रिया शरीर | – | – | – | – | – | – | – |
| 4 | द्रव्यगुण विज्ञान | – | – | – | – | – | – | – |
| 5 | रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना | – | – | – | – | – | – | – |
| 6 | रोगनिदान एवं विकृति विज्ञान | 01 | – | – | – | – | – | 01 |
| 7 | कौमारभृत्य-बालरोग | – | – | – | – | – | – | – |
| 8 | स्वस्थवृत्त | 01 | – | – | – | – | – | 01 |
| 9 | कायचिकित्सा | – | – | – | – | – | – | – |
| 10 | शल्य | – | – | – | – | – | – | – |
| 11 | अगदतंत्र | – | – | – | – | – | – | – |
| | योग :- | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 |

टीप – अन्यप्रदेश हेतु रिक्त सीटों की संख्या में परिवर्तन संभावित है। अंतिम स्थिति काउंसिलिंग दिनांक को प्रदर्शित की जा सकेगी।

प्राचार्य,
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)